हे गोरा के लाल मेरी सुनिये

हे गोरा के लाल मेरी सुनिये,तेरा भक्त खड़ा तेरे द्वार है,
कई जन्मो से बाबा मैं भटका तेरे चरणों में मेरा संसार है,

इस जग में मैं आके हु भटका चैन कही ना पाया है,
जब आया मैं तेरे दर पे दिल को सकूं अब आया है,
मोह माया की दुनिया है सारी,और माटी ये धन अम्बार है,
कई जन्मो से बाबा मैं भटका तेरे चरणों में मेरा संसार है,

सुख के है सब संगी साथी दुःख में काम ना आएंगे,
झूठे रिश्ते नाते है सारे ये क्या साथ निभाये गे,
तेरा नाम है सब से पावन तेरा नाम ही जग आधार है,
कई जन्मो से बाबा मैं भटका तेरे चरणों में मेरा संसार है,

माँ गोरा के लाल तू सुनले मैं फरयादी आया हु,
तेरी श्रद्धा तेरी भक्ति करने को मंदिर आया हु,
जो भी गोरा के लाल को धाये,
वो ही जाता तो भव से पार है,
कई जन्मो से बाबा मैं भटका तेरे चरणों में मेरा संसार है,

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/10314/title/he-gora-ke-lal-meri-suniye-tera-bhkt-khada-tere-dawar-hai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |